हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025

11 सीपीडीआरएस ने चुनाव आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन




12 श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता की अगुवाई...



## खबर संक्षेप



### सरकार की योजना से विद्यार्थियों को जोड़ा जाए

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बुधवार को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत विकल्प फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम कनिका गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं में पढ़ रहे सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि सभी सरकारी स्कूल के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद व 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सुपर 100 के रजिस्ट्रेशन जरूर करवाएं।

### कनीना में गेहूं की बजाय दोगुने रकबे में सरसों

**कनीना।** खंड में इस बार गेहूं की बजाय सरसों की बुआई अधिक रकबे में की गई है। किसानों की ओर से सरसों में पहली सिंचाई की जा रही। वहीं गेहूं फसल का भी कोरबा निकाला जा रहा है। उपमंडल अधिकारी ने बताया कि खंड में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 18 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों की बिजाई की गई है, जबकि उससे आधे रकबे करीब नौ हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई मानी जा रही है।


डॉ. अजय यादव।

### शिविर लगाकर नवजात का किया पंजीकरण

**नांगल चौधरी।** पीएचसी सिरोही बहाली के अंतर्गत भुंगारका गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर नवजात शिशुओं का पंजीकरण किया तथा उन्हें मौसम जनित बीमारियों की जानकारी दी। ग्रामीणों को लिंगानुपात की समस्या से रूबरू करवाकर उन्हें अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेल्थ निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने की है।

---

बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, असम राइफल्स व एसएमएफके पद है शामिल

# एसएससी जीडी कांस्टेबल भर्ती 2026: 25487 पदों पर बंपर वैकेंसी, 31 दिसंबर तक होंगे आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

कर्मचारी चयन आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, असम राइफल्स व सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल (जीडी) और राइफलमैन (जीडी) के 25487 पदों पर भर्ती का बड़ा नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह भर्ती उन युवाओं के लिए अच्छा मौका है जो केंद्रीय बलों में नौकरी का सपना देख रहे है। आवेदन की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हो चुकी है जो 31 दिसंबर 2025 रात 11 बजे तक पूरी की जा सकेगी। आयोग ने नोटिफिकेशन को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया है जिसमें भर्ती प्रक्रिया, योग्यता और परीक्षा प्रणाली से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि एक जनवरी 2026 तय की गई है। वहीं जिन उम्मीदवारों से आवेदन में कोई गलती हो गई है उनके लिए आयोग ने आठ जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन करेक्शन विंडो उपलब्ध कराई है। इस अवधि में उम्मीदवार अतिरिक्त शुल्क देकर अपने आवेदन में संशोधन कर पाएंगे। कंप्यूटर आधारित परीक्षा फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। जिसके संबंध में विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम आयोग बाद में जारी करेगा। इस भर्ती में कुल 25487 पदों पर चयन किया जाएगा, जिनमें बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, असम राइफल्स और एसएसएफ शामिल है। इन सभी बलों में पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में पद निर्धारित किए गए है। सबसे अधिक 14595 पद सीआईएसएफ में रखे गए है, जबकि बीएसएफ में 616, सीआरपीएफ में 5490, आईटीबीपी में 1293, एसएसबी में 1764 और असम राइफल्स में 1706 पद शामिल है। इसके अलावा एसएसएफ में 23 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यता की बात करें तो उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक यानी 10वीं पास उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। आयु सीमा एक जनवरी 2026 को 18 से 23 वर्ष के बीच तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, और पूर्व सैनिकों को सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट मिलेगी।

**कई चरणों में होगी चयन प्रक्रिया**

चयन प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होगी। सबसे पहले कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 80 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में चार सेक्शन शामिल होंगे—सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जागरूकता, प्राथमिक गणित तथा हिन्दी/अंग्रेजी। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा और गलत उत्तर पर 0.25 अंक की नेगेटिव मार्किंग लागू होगी।

**पुरुषों को 5 किमी की दौड़ 24 मिनट, महिला को 1.6 किमी दौड़ 8:30 मिनट**

कंप्यूटर परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षण और शारीरिक मापदंड परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। पुरुष उम्मीदवारों को पांच किमी की दौड़ 24 मिनट में पूरी करनी होगी, वहीं महिला उम्मीदवारों को 1.6 किमी की दौड़ 8:30 मिनट में पूरी करनी होगी। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण आयोजित किया जाएगा। मेडिकल परीक्षा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के निर्धारित मेडिकल बोर्ड द्वारा की जाएगी। इस दौरान उम्मीदवारों की शारीरिक और चिकित्सकीय फिटनेस को जांचा जाएगा। अंतिम चयन उम्मीदवार के कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों और नियमों के तहत तय मानकों के आधार पर किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूरा भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में होगी और उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन भरते समय जानकारी सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि बाद में संशोधन का अवसर सीमित समय के लिए ही दिया गया है। साथ ही आयोग ने कहा है कि एडमिट कार्ड किसी भी चरण में पोस्ट द्वारा नहीं भेजे जाएंगे, बल्कि उम्मीदवार स्वयं आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे।

---

## जिला रजिस्ट्रार ने सदस्यों से नहीं ली सहमति, मनमानी के आरोप

# स्टेट रजिस्ट्रार के दरवाजे पर पहुंचा यादव सभा चुनाव का मामला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

■ किसी के दबाव में कार्यवाही करने का कही बात

यादव सभा में जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एंड सोसायटीज नारनौल की ओर से एड-हॉक कमेटी गठित करने का आदेश जारी होने के बाद विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता प्रदीप बालरोडिया ने इस पूरे मामले की शिकायत राज्य रजिस्ट्रार को भेजते हुए जिला रजिस्ट्रार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार यह निर्णय न केवल नियमों की पूर्ण अवहेलना में लिया गया, बल्कि यह कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने और राजनीतिक प्रभाव वाले व्यक्तियों को फायदा देने की नीयत से किया गया है। राज्य रजिस्ट्रार को भेजे पत्र में स्पष्ट लिखा है कि उनकी शिकायत में कहीं भी एड-हॉक कमेटी गठित करने का अनुरोध नहीं किया गया था, बल्कि केवल प्रशासक नियुक्त कर पारदर्शी चुनाव कराने की मांग की गई थी।

उन्होंने कहा कि जिला रजिस्ट्रार ने शिकायत का मूल बिंदु ही बदल दिया और स्वतः मन से समिति गठित करके अधिकारों का दुरुपयोग किया। प्रदीप ने सबसे गंभीर आरोप जिले के रजिस्ट्रार पर यह लगाया गया है कि उन्होंने पुरानी कार्यकारिणी के सदस्य को नई एड-हॉक समिति में शामिल कर लिया, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि समिति का गठन पहले से तय और विशेष हितों के लिए किया गया।

**यादव सभा भवन**



**जिला रजिस्ट्रार पर यह भी आरोप**

उन्होंने यह भी कहा है कि जब संस्था के चुनाव संबंधी मामले राज्य स्तर पर विवादित और स्थगन स्थिति में हों, तब जिला स्तर पर एड-हॉक कमेटी को चुनाव कराने का निर्देश देना यह दर्शाता है कि जिला रजिस्ट्रार न केवल अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश जारी कर रहे हैं, बल्कि राज्य रजिस्ट्रार के आदेशों की अवमानना भी कर रहे हैं। कार्यकारिणी का कार्यकाल एक नवंबर से पहले ही समाप्त हो गया था, लेकिन बार-बार मांग करने के बाद भी जिला रजिस्ट्रार ने कोई कार्रवाई नहीं की। कार्यकारिणी के सदस्य कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी सभा की गाड़ी व अन्य संसाधनों का उपयोग करते रहे। जिला रजिस्ट्रार प्रशासक की नियुक्ति की मांग पर कहते रहे कि अभी उच्चाधिकारियों से कोई परमिशन नहीं मिली है। कमेटी में भेदभाव करते हुए एक ही पक्ष के लोगों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**कई ने कही सहमति न लेने की बात**

शिकायतकर्ता के अनुसार यह स्थिति दर्शाती है कि जिला रजिस्ट्रार किसी के इशारे पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जो 15 लोगों की समिति बनाई गई, उनमें से कई लोगों ने स्वयं कहा है कि उनसे न तो कोई पूर्व सहमति ली गई। यह तथ्य पहले से ही सवालों के घेरे में रही समिति को पूरी तरह अवैध और गैर-पारदर्शी सिद्ध करता है। शिकायतकर्ता ने जिला रजिस्ट्रार की भूमिका पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि यह निर्णय बिना किसी वैधानिक अनुमति, बिना नियम आधारित प्रक्रिया और बिना किसी प्रशासनिक आवश्यकता के लिया गया है और इसकी पूरी कार्रवाई में निजी व राजनीतिक पक्षपात साफ दिखाई देता है।

**जिला रजिस्ट्रार ने की नियमों की अनदेखी**

प्रदीप बालरोडिया ने अपने पत्र में पहले की गई शिकायतों का हवाला देते हुए कहा है कि यह पहली बार नहीं है, जब जिला रजिस्ट्रार ने प्रक्रिया और नियमों की अनदेखी की हो। इसके पहले भी कई मौकों पर जिला प्रशासन द्वारा संस्थाओं में अचानक प्रशासनिक हस्तक्षेप, निर्वाचित पदाधिकारियों को नजरअंदाज करना और चुनाव टालना जैसे निर्णय लिए गए, जिन पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने स्टेट रजिस्ट्रार से मांग की है कि जिला रजिस्ट्रार नारनौल द्वारा जारी आदेश को तुरंत निरस्त किया जाए और जिला रजिस्ट्रार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए, ताकि भविष्य में किसी पंजीकृत संस्था को व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग न किया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वह यह मामला उच्च प्रशासनिक अधिकारियों और आवश्यक होने पर न्यायिक स्तर तक ले जाने को बाध्य होंगे।

---

## हिसार के हरीता का संदीप है आरोपित

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाने वाला गिरफ्तार

■ भारतीय दूतावास व सेना के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पीड़ित सुरक्षित वापस लौटे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

साइबर थाना पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर भारतीय युवाओं को म्यांमार भेजकर उनसे जबरन साइबर ठगी करवाने वाले एक मुख्य आरोपित संदीप कुमार निवासी हरीता, हिसार को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

सतनाली के ढाणा निवासी पीड़ित दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपित ने उसे व उसके साथी को थाईलैंड में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी, 50 हजार रुपये वेतन व अन्य सुविधाओं का लालच देकर फंसाया था। आरोपित टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क करता था और उसने फर्जी इंटरव्यू के आधार पर उन्हें बैंकॉक बुलाया। जहां से उन्हें धोखे से जंगल व नदी के रास्ते म्यांमार ले जाया गया। वहां पहुंचने पर पीड़ितों को केके पार्क स्थित एक कंपनी में बंधक बना लिया गया और उनके पासपोर्ट छीन लिए गए।


नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

**कमीशन का लालच**

जांच में सामने आया कि आरोपित संदीप को प्रत्येक युवक को वहां फंसाने के बदले पांच से सात हजार यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) कमीशन मिलता था। इतना ही नहीं, वापस भारत भेजने के नाम पर उसने पीड़ितों के परिजनों से पांच लाख रुपये या दो अन्य लोगों को फंसाकर लाने की शर्त रखी थी। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि भारतीय दूतावास व सेना के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पीड़ित सुरक्षित वापस लौटे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि विदेश भेजने के नाम पर सोशल मीडिया पर किए जा रहे लुभावने वादों से सावधान रहें और पूरी जांच पड़ताल के बाद ही कदम उठाएं।

---


मंडी अटेली। अस्पताल में काउंटर से ओपीडी की पर्ची कटवाते मरीज।

## मरीजों को नहीं हुई परेशानी, मिला इलाज

# चिकित्सकों की हड़ताल का तीसरे दिन भी नहीं दिखा असर



नारनौल। काउंटर पर दवाइयां लेते मरीज व अस्पताल का निरीक्षण करते सिविल सर्जन।

**नारनौल।** सरकार की ओर से एस्मा लागू करने के बाद भी एसएमओ की सीधी भर्ती के खिलाफ डॉक्टरों की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही, लेकिन नागरिक अस्पताल सहित जिले पीएचसी व सीएचसी में मेडिकल कॉलेज कोरियावास के डाक्टरों की ड्यूटी लगा देने से इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिला। अस्पताल आए मरीजों को उपचार प्रदान कर दवाइयां दी गई। हालांकि हड़ताल के कारण अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में एक दो दिन से कमी जरूर आई है। दूसरी ओर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बुधवार को नागरिक अस्पताल सहित जिले की उप नागरिकों का दौर कर जायजा भी लिया गया।

### अटेली में सेवाओं पर नहीं दिखा कोई विशेष असर

**मंडी अटेली।** हरियाणा डॉक्टर एसोसिएशन की ओर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा के बावजूद अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई विशेष असर देखने को नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग प्रशासन पहले से ही सतर्क था। परिणामस्वरूप अस्पताल में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित होती रहीं। दोपहर तीन बजे तक ओपीडी में 350 से अधिक मरीज पंजीकृत हो चुके थे, जो सामान्य दिनों से अधिक संख्या है। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय यादव ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त की गई थी।

**नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने किया निरीक्षण**

**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में बुधवार दोपहर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कमार ने चिकित्सकों की हड़ताल के चलते निरीक्षण किया।

---

### अपराधियों के खिलाफ सख्त हुए डीएसपी

**कनीना।** क्षेत्र में घटित होने वाले अपराध व अपराधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी थाना व चौकी इंचार्ज अपराधियों व शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। ये निर्देश डीएसपी दिनेश कुमार ने क्राइम कंट्रोल की बैठक में उपस्थित थाना व चौकी इंचार्ज को दिए। सदर थाना में आयोजित बैठक में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा की सर्दी की शुरूआत हो चुकी है। चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए सभी थाना इंचार्ज अपने अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाए और आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाएं।

---

# टीबी जागरूकता पर कैंप

■ पीएचसी भोजावास के टीबी इंचार्ज डॉ. दीपांशु के मार्गदर्शन में इलाज


महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए।

**महेंद्रगढ़।** पीएचसी भोजावास के टीबी इंचार्ज डॉ. दीपांशु के मार्गदर्शन में उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांव गोमला में टीबी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में टीबी के 77 संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और आठ मरीजों के बलगम के सैंपल जांच के लिए नागरिक अस्पताल लैब में भेजे गए। एसटीएस पवन कुमार व स्वास्थ्यकर्मी अनिल रसूलपूरिया ने बताया कि जिन मरीजों को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही है, उनके बलगम की जांच अवश्य करवानी चाहिए। इसके साथ–साथ सर्दी के समय के होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी देकर उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया। एसटीएस पवन कुमार ने टीबी के संभावित मरीजों की पहचान के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्टाफ को टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाने के लिए बताया।

---

# इलाका व डेरा दिलवाने के लिए एसपी से मिले भिवानी के किन्नर

■ दूसरे किन्नर समाज पर उनके कार्यक्षेत्र में काम करने का आरोप


नारनौल। एसपी से मिलते भिवानी से आए किन्नर।

**नारनौल।** भिवानी से आए किन्नर समाज ने बुधवार एसपी पूजा वशिष्ठ से मुलाकात की और जिला में रह रहे दूसरे किन्नर समाज पर उनके कार्यक्षेत्र में काम करने का गंभीर आरोप लगाया। साथ ही जिला में किन्नर समाज के साथ रह रहे एक व्यक्ति पर भी डराने धमकाने का आरोप लगाया है।

एसपी को किन्नर मूंगफली ने बताया है कि वह चेला पूजा पहले कुछ वर्ष से नारनौल के मौहल्ला गुदड़ी में रहते थे। अब हम जीतू वाला जोहड़ किन्नर आश्रम भिवानी में रह रहे है। एक विनोद नामक व्यक्ति पिछले कुछ समय से पूरे किन्नर समाज पर लगातार दबदबा बनाए हुए है। अब हमें नारनौल, महेंद्रगढ़ जिले में भी जाने से डर लगता है। अब तो हमारे भिवानी डेरे पर भी हमला होने लगा है। हमारी गद्दी की गुरू बुलबुल महंत है। यह व्यक्ति हथियार रखता है और उसे दिखाकर किन्नरों को डराता धमकाता है। इसने हमारे नारनौल के डेरे पर भी कब्जा कर रखा है। उससे इलाका व डेरा दिलवाने की मांग की है।

---

## पंचायत समिति की बैठक के बाद मीडिया के समक्ष उप चेयरमैन ने उठाया मुद्दा, बीडीपीओ ने जताई अनभिज्ञता

आरटीआई का जवाब नहीं देने के सवाल पर बीडीपीओ का तर्क फीस जमा करवाने पर मिल जाएगी

# उप चेयरमैन... 3 साल से मॉनिटरिंग कमेटी का गठन नहीं, चेयरमैन का जवाब...जानकारी नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

बीडीपीओ कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की बुधवार साधारण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीपीओ रेणूलता यादव ने की। इसमें डेलीगेटों ने अपने-अपने क्षेत्र के एजेंडे रखे। बैठक में 17 गांवों से जुड़े 37 कार्यों को करवाने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं बैठक के बाद समिति की उप चेयरमैन पूनम ने तीन साल बीत जाने के बाद भी मॉनिटरिंग कमेटी का गठन नहीं होने की बात मीडिया के समक्ष रखी। इस तरह की कमेटी को लेकर चेयरमैन पंकज यादव व बीडीपीओ रेणूलता यादव दोनों ने अनभिज्ञता जताई। वहीं एक डेलीगेट ने तीन साल उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाने का आरोप चेयरमैन पर लगाया।


नारनौल। बैठक में हिस्सा लेते प्रतिनिधि व बीडीपीओ।

**आरोपों पर चेयरमैन का जवाब**



उपचेयरमैन पूनम ने मॉनिटरिंग कमेटी का गठन, स्टॉक रजिस्टर की जानकारी नहीं देने और कई माह से आरटीआई का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया। का भी आरोप लगाया। इस पर चेयरमैन पंकज यादव का कहना था कि बैठक में किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ है। कुल 37 विकास के एजेंडों पर सहमति बनी है, जल्द ही एस्टीमेंट तैयार करवाने के बाद मंजूरी ली जाएगी। मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने की उनके पास कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो वह अधिकारियों से बातचीत करेंगे। वहीं एक डेलीगेट की ओर से लगाए गए आरोपों पर चेयरमैन ने कहा कि वह बैठक में ही पहली बार आया है। उनके एजेंडे लिए गए हैं, जल्द ही वह कार्य भी करवाया जाएगा।

**आरटीआई का जवाब नहीं देने का लगाया आरोप**

जब उपचेयरमैन मीडिया से बातचीत कर रही थी, तभी वहां राजकुमार नामक व्यक्ति आया और मीडिया के समक्ष कहा कि उसने एक साल पहले पंचायत समिति में विकास कार्यों को लेकर आरटीआई से जानकारी मांग थी। जिसको लेकर डीडीपीओ की तरफ से आरटीआई देने का आदेश भी दिया गया, फिर भी अभी तक जवाब नहीं मिला है।

**विकास कार्य करवाने पर इन गांवों के लिए बनी सहमति**

बैठक में मंढाणा, गोद, खानपुर, कांवी, मुरारीपुर, ढाणी मामराज, टहला, भांखरी, हमीदपुर, मुकंदपुरा, महरमपुर, मकसुसपुर, गहली, ढाणी बाठोठा, मंडलाना, बास किरारोद उमराबाद व कोरियावास गांवों में विकास कार्य के एजेंडों पर सहमति बनी है।

**क्या कहती है बीडीपीओ**

इस संबंध में बीडीपीओ रेणूलता यादव ने बताया कि बैठक में 37 एजेंडों पर चर्चा की गई है, इन कार्यों पर जल्द कार्य करवाया जाएगा। उपचेयरमैन ने मॉनिटरिंग कमेटी गठित नहीं करने के सवाल पर बीडीपीओ का कहना था कि ऐसी कौन सी कमेटी होती है, जानकारी नहीं है। पता करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दुबलाना के कवि सभाचंद सुभाष सम्मानित

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव दुबलाना निवासी कवि सभाचंद सुभाष को उनके साहित्यिक अवदान के लिए गुजरात की संस्था खंबोलज साहित्य सेवा संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। खंबोलज साहित्यिक संस्थान के प्रमुख शैलेश वाणिया शैल ने कवि सभाचंद के साहित्य की विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि सभाचंद की रचनाओं में समाज के निम्न वर्ग की पीड़ा, प्रकृति के मनोहारी रूप का अदभुत वर्णन है।

### पिंडी और अखंड ज्योत हैदराबाद के लिए रवाना

**मंडी अटेली।** महासर माता भक्त मंडल भाग्यनगर हैदराबाद की ओर से भाग्यनगर में बनने वाले गढ़ी महासर धाम माता मंदिर की पिंडी व अखंड ज्योत यात्रा महासर धाम से भाग्यनगर हैदराबाद के लिए रवाना हुई। माता के भक्तों ने ज्योति पद यात्रा निकाल कर हैदराबाद के लिए रवाना हुई यात्रा का अटेली कस्बे व अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। महासर माता के पूजारी संजय शास्त्री व श्रवण शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई। महासर माता भक्त मंडल भाग्यनगर के प्रधान दिनेश कुमार, गोपाल अग्रवाल ने विशेष अखंड ज्योति को नेतृत्व किया।

### बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** गांव सिहमा व बलाहा कलां में सेवा संस्था की ओर से बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत किया गया। इस दौरान बच्चों के बाल अधिकारों की जानकारी दी और बताया कि विपत्ति के समय चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या फिर 112 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके गांव में वीएलसीपीसी का भी गठन किया गया। जिसमें गांव की सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, एएनएम, स्कूल अध्यापक, स्कूल की दो छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई से राजकुमार, मनोज ने पास्को एक्ट, जेजे एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन व बच्चों से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

---

सरकार किसानों की फसलों को दे रही सुरक्षा का मजबूत कवच

# 31 दिसंबर से पहले फसल का बीमा करवाएं नुकसान होने पर 72 घंटे के अंदर दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चल रही है। किसान अपनी फसल का 31 दिसंबर से पहले बीमा कर लें। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि रबी फसलों, खासकर गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी का बीमा 31 दिसंबर, 2025 की अंतिम तिथि से पहले अवश्य करवा लें, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उन्हें वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े।

डीसी ने स्पष्ट किया कि यह योजना किसानों के लिए सुरक्षित फसल और सुनिश्चित खुशहाली का एक कवच है। उन्होंने बताया कि इस सीजन में गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी जैसी प्रमुख फसलें बीमा के लिए अधिसूचित की गई हैं। उन्होंने कहा कि बीमा की प्रीमियम दरें न्यूनतम रखी गई हैं, ताकि किसान पर ज्यादा बोझ न पड़े। शेष प्रीमियम राशि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है, जिसके तहत किसानों को कम लागत पर बड़ी सुरक्षा मिल पाती है। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल के लिए बीमित राशि 32523.80 रुपये प्रति एकड़ है, जिसके लिए किसान को मात्र 487.86 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम देना होगा। सरसों की बीमित राशि 21829.57 रुपये प्रति एकड़, जिसके लिए किसान को मात्र 327.44 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम देना होगा इसी प्रकार चना की फसल के लिए बीमित राशि 15801 रुपये प्रति एकड़ है।

### किसान बीमा नहीं करवाने पर सूचित करें

उपायुक्त ने यह भी बताया कि जिन किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड है और जिन्होंने फसल ऋण लिया हुआ है, वे स्वतः इस योजना के तहत बीमित माने जाएंगे। हालांकि, यदि कोई ऋणधारक किसान बीमा नहीं करवाना चाहता है, तो उसे 31 दिसंबर से सात दिन पहले संबंधित बैंक शाखा को लिखित सूचना देनी होगी। वहीं, जो किसान ऋणधारक नहीं हैं वे अपनी स्वेच्छा से किसी भी अधिसूचित फसल का बीमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि फसल को ओलावृष्टि, जलभराव एवं आसमानी बिजली से नुकसान होने की स्थिति में, इसकी सूचना संबंधित कृषि या बीमा कंपनी को 72 घंटे के अंदर देनी अनिवार्य है। यह सूचना सीधे खेत के स्तर पर टोल फ्री नंबर 14447 के माध्यम से दी जा सकती है।फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल की बिजाई से लेकर कटाई होने के 14 दिन के अंदर तक के नुकसान कवर है।

### जानकारी के लिए इन नंबरों पर करें संपर्क

*उपायुक्त ने किसानों से अनुरोध किया कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द बीमा करवा लें। किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए किसान केंद्रीय किसान कॉल सेंटर के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं, अपनी बैंक शाखा या ग्राम/ब्लॉक स्तरीय कृषि विभाग के कर्मचारी से मिल सकते हैं, या कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.agri-haryana.gov.in** पर भी विवरण प्राप्त कर सकते हैं।*

---

## एकलव्य की संगीता खोश्या ने नेशनल शूटिंग में जीता गोल्ड




**नारनौल।** रेवाड़ी रोड स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी की पैरा शूटर संगीता खोश्या ने छठी पैरा नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में टीम गोल्ड अपने नाम किया है। एकेडमी के कोच सुरेश चौहान ने बताया कि यह प्रतियोगिता पांच दिसंबर से 10 दिसम्बर तक दिल्ली की डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज में पैरा राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कराई गई। जिसमें एकेडमी की संगीता खोश्या ने 10 मीटर स्टैंडिंग राइफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया, साथ ही टीम इंडिया की ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई किया है। बैंक ऑफ इंडिया में ऑफिसर पद पर कार्यरत संगीता खोश्या पिछले दो वर्षों में एक दर्जन के करीब पदक अपने नाम कर चुकी है। संगीता ने कभी भी दिव्यांगता को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और लगातार अपने बैंक ड्यूटी में व्यस्त होते हुए भी रात को अपने कोच के साथ शूटिंग की तैयारी करती रही है। जिसके परिणाम स्वरूप ये पदक जीत सकी है। इसके साथ ही एकेडमी के राइफल शूटर संजय कुमार सैनी व पिस्टल शूटर गोकल चंद जेई ने भी इंडिया टीम की ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया है। अब ये फरवरी में होने वाले ट्रायल में भाग लेंगे।

---

श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता की अगुवाई में एसपी को दी शिकायत

# आईएएस संतोष के खिलाफ एफआईआर करने की मांग

ब्राह्मण समाज की बेटियों व महिलाओं के अपमान एवं धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल



**नारनौल।** एसपी को शिकायत सौंपते श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के सदस्य।

संतोष वर्मा आईएएस मध्य प्रदेश कॉडर की ओर से ब्राह्मण समाज की बेटियों व महिलाओं के अपमान एवं धार्मिक भावनाएं आहत करने, शांतिभंग करने व समाज में वैमनस्य फैला कर दंगा भड़काने के संबंध में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ को शिकायत सौंपी गई। श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता की अगुवाई में यह शिकायत सौंपी गई। मेहता के साथ जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ एडवोकेट, श्यामसुंदर गोस्वामी एडवोकेट, रविदत्त शर्मा एडवोकेट व मुकेश निर्मल एडवोकेट उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतिय सम्मेलन में संतोष वर्मा आईएएस ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उसके साथ संबंध नहीं बनवा दे। शिकायत में कहा गया कि इस तरह का ब्यान न केवल नारी शक्ति का अपमान है, अपितु सन्तोष वर्मा की दूषित मानसिकता के द्वारा समाज के वर्गों में आपसी वैमनस्य फैलाकर शांति भंग करने वाला तथा दंगा भड़काने वाला है। ऐसा ब्यान उक्त संतोष वर्मा ने सार्वजनिक सभा में नारी जाति की लज्जा का अनादर करने के आशय से शब्दों व शारीरिक हरकत का प्रदर्शन करके दिया गया है तथा इससे सम्पूर्ण ब्राह्मण बेटियों व नारी जाति की मानहानि व अनादर हुआ है। उक्त संतोष वर्मा ने इस कथन को सोशल मीडिया के माध्यम से इंटरनेट पर भी वायरल किया है तथा करवाया है। शिकायत में कहा कि वे सभी वर्ग की स्त्रियों व नारी जाति का सम्मान करने वाले तथा सनातन धर्म में आस्था रखने वाले हैं। सनातन धर्म के अनुसार महिलाओं का अपमान नहीं होना चाहिए तथा उसे किसी वस्तु की तरह से पेश नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन संतोष वर्मा के अमर्यादित ब्यान से ब्राह्मण बेटियों को न केवल वस्तु के रूप में प्रस्तुत करने वाला है तथा ब्राह्मण पिताओं को अपनी बेटियों के अनैतिक संबंध बनाने वाले के रूप में दर्शाया गया है।

### शासकीय नियमों व आदेशों का भी उल्लंघन

*शिकायत में कहा कि संतोष वर्मा, जो जातिगत आरक्षण का लाभ लेकर शासकीय सेवा में चयनित हुआ है तथा जातिगत आरक्षण का लाभ लेकर ही आईएएस के पद पर पदोन्नत हुआ है। एक प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते उक्त संतोष वर्मा का यह विधिक दायित्व है, कि वह समाज के सभी वर्गों व जातियों तथा स्त्रियों के प्रति समान व्यवहार व आदर का भाव रखे तथा उनके आपसी सौहार्द एवं सामनजस्य को बनाए रखे। इसके लिए उसे संविधान व विधि की शपथ भी ली हुई है, लेकिन उसके मन में ब्राह्मण समाज के प्रति व उस समाज के बेटियों के प्रति इतनी घृणा है, वह प्रशासन, समाज के लिए घातक है। ऐसे व्यक्ति का ऐसे महत्वपूर्ण पद पर बने रहना सामाजिक व्यवस्था को नष्ट करने में सहायक सिद्ध होगा। संतोष वर्मा ने इस तरह का कथन करके शासकीय नियमों व आदेशों का भी उल्लंघन किया है। संतोष वर्मा ने लोक शांति भंग करने के आशय से ब्राह्मण बेटियों तथा नारी शक्ति का साशय अपमान किया है।*

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

*इस कथन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसे उन्होंने देखा व सुना है। जिससे उसकी धार्मिक व सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा उसे मानसिक क्षति हुई है। शिकायत में अनुरोध किया कि इस घटना की तकनीकी तरीके से जांच करने के लिए उक्त कथन की वीडियो को तुरन्त रिकवर किया जाए तथा उक्त अपराध को करने वाले संतोष वर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय रहिता की धारा व आईटी एक्ट की अन्य संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करके कठोर कार्रवाई की जाए।*

---



**नारनौल।** नवविवाहित जोड़े को पौधा भेंट करती कृष्णा आर्या।

बेटी देश का गौरव अभियान के तहत गोष्ठी

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प पत्र भरवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

संस्था लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ के बेटी देश का गौरव अभियान के तहत नगर परिषद चेयरमैन कमलेश सैनी व समाजसेवी रघुबीर सैनी के आवास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और नवविवाहित युवा महिका व हिमांशु से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संकल्प पत्र भरवाया। इस अवसर पर सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। संस्था अध्यक्ष अध्यक्ष एवं जिला पीएनडीटी टीम कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या की देखरेख में आयोजित संगोष्ठी में संगठन सदस्य शकुंतला व संतोष ने 22 हजार 201वां पौधा परिवार को भेंट किया तथा 587वें संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करवाए।

बेटे हिमांशु की शादी में किसी भी प्रकार का लेनदेन न करने और दहेज रहित शादी करने के लिए समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्या ने नप चेयरपेर्सन कमलेश सैनी को पुस्तक, पटका, पौधा भेंटकर सम्मानित किया और सुन्दर पहल का स्वागत किया। संस्था 2014 से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान व स्त्री सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रही हैं और जिले में बालिका जन्मदर बढ़ाने के लिए जागरूकता फैला रही तथा नवविवाहित युगलों से भी भविष्य में होने वाली संतान में किसी प्रकार के भेदभाव की सोच न रखने का संकल्प पत्र भरवा रही है। इस मौके पर डॉ. कृष्णा आर्या, कमलेश सैनी, रघुबीर सिंह, महिका, हिमांशु, रीतू, संतोष, शकुंतला आदि मौजूद थे।

---

एमआर स्कूल अटेली में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

# कबड्डी महिला वर्ग में आर्यभट्ट हाउस प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल



**नारनौल।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एमआर स्कूल अटेली में आयोजित दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार देर सायं हुआ। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव, वाइस चेयरमैन वीरेंद्र सिंह यादव व प्राचार्य मनोज कुमार ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कबड्डी महिला वर्ग में आर्यभट्ट हाउस ने प्रथम, रामानुजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग के वरिष्ठ वर्ग में कौटिल्य प्रथम, रामानुजन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग के कनिष्ठ वर्ग में रामानुजन हाउस प्रथम, आर्यभट्ट हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में कौटिल्य हाउस प्रथम, कलाम हाउस दूसरे स्थान पर रहा। टेबल टेनिस में अंश ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय, शुभम तृतीय स्थान पर रहा। खो खो कक्षा छह से आठवीं पुरुष वर्ग में रामानुजन हाउस प्रथम, कलम हाउस द्वितीय रहा। इसी वर्ग के महिला खिलाड़ियों में कलाम हाउस ने प्रथम, आर्यभट्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से 10वीं के पुरुष वर्ग में आर्यभट्ट प्रथम, कौटिल्य ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

**कक्षा नौवीं से 10वीं महिला वर्ग** में कलाम हाउस प्रथम, रामानुज हाउस ने द्वितीय, कक्षा 11वीं व 12वीं में महिला टीम में आर्यभट्ट की लड़कियों ने प्रथम, कौटिल्य की छात्राएं द्वितीय स्थान पर रही। रस्साकशी कक्षा छठी से आठवीं में कलाम हाउस विजेता रहा, कौटिल्य दूसरे स्थान पर रहा। कक्षा 11वीं व 12वीं के मुकाबले में 12वीं कक्षा के छात्रों ने बाजी मारी, कक्षा नौवीं व 10वीं में दसवीं कक्षा के विद्यार्थी प्रथम रहे। लंबीकूद में आयुष ने प्रथम, जतिन द्वितीय, चिराग तृतीय रहा। वहीं दूसरे ग्रुप में युवराज प्रथम, आदित्य द्वितीय, शुभम तृतीय, कक्षा 11वीं व 12वीं वर्ग में साहिल प्रथम, रविंद्र द्वितीय, रजत तृतीय स्थान पर रहा। रस्सीकूद में पलक, तानिया, लतिका, निकिता ने प्रथम, पल्लवी, संगम व भूमिका ने द्वितीय, पावनी, पूर्वी, दीक्षा, विधि, अनीश, खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

## नशे से जंग महेंद्रगढ़ के संग अभियान के तहत नशा मुक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल




**नारनौल।** नशा न करने के बारे में जागरूक करती अधिवक्ता गिरी बाला यादव।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में नशे से जंग महेंद्रगढ़ के संग अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरी बाला ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव, नशा तस्करी के कानूनी परिणाम, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो। विद्यार्थियों को नशे से संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर उन्हें नशे से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने नशा विरोधी कानून हेल्पलाइन सेवाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध मुक्त कानूनी सहायता की जानकारी साझा की और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस मौके पर सिविल अस्पताल से आए काउंसलर परजीत ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाता है।

### छात्रों ने रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया


जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय की भजन मंडली ने भजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशा मुक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ सुमन यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी किसी भी देश का भविष्य होती है और जिस देश की युवा पीढ़ी नशे की आदी हो चुकी है उस देश के उज्जवल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन और निबंध लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधिक प्रकोष्ठ प्रभारी बबीता गुप्ता ने कार्यक्रम के समापन पर सभी गरिमामयी उपस्थिति का आभार व्यक्त किया।

---

आवेदक 30 दिसंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

# हकेंवि में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** हकेंवि के पीएचडी दाखिला पोर्टल की शुरुआत करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार (बाएं)। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 जनवरी साइकिल) के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न 24 विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदक आगामी 30 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अध्ययन-अध्यापन, नवाचार, कौशल विकास के साथ-साथ अनुसंधान के लिए प्रयासरत है। अवश्य ही इस दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से विश्वविद्यालय को योग्य, परिश्रमी शोधार्थी प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में अनुसंधान अति महत्त्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि पीएचडी की इस दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से ऐसी ही होनहार प्रतिभाओं को दाखिले का अवसर प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने भी पीएचडी दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने दाखिला प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न 24 विभागों में कुल 105 पीएचडी की सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 30 दिसंबर तक चलेगी। आगामी 02 जनवरी, 2026 को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय में पीएचडी दाखिला के नोडल अधिकारी डॉ. तेजपाल ढेवा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पांच पाठ्यक्रमों होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए दो जनवरी 2026 को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन छह जनवरी, 2026 को होगा। इन पांच पाठ्यक्रमों में गेट/जीपीएटी के अंतर्गत आने वाले आवेदक इस प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त होंगे।

---

# उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतिभागी टीमों के द्वारा रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया गया। इन मुकाबलों की शुरुआत गुरु अगंद देव पशु विज्ञान एवं चिकित्सा व राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ के साथ हुई। इसमें राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की टीम में बाजी मारी। इसी क्रम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक व चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली के बीच हुए मुकाबले में चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा व गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी दिल्ली के बीच हुए मुकाबले में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद व डॉ. भीमराम अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के बीच खेले गए मैच में मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ व एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत के बीच खेले गए मैच में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल व लखनऊ विवि के बीच हुए मैच में लखनऊ विवि, कश्मीर विवि , श्रीनगर व हिमाचल विवि, सोलन के बीच खेले गए मैच में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सोलन, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ व गीता विवि के बीच खेले गए।

## खबर संक्षेप


नारनौल। कंबल वितरित करते रोटरी क्लब रॉयल्स के सदस्य।

### रोटरी क्लब रॉयल्स ने किए कंबल वितरित

**नारनौल।** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से सर्दी को देखते हुए शहर में नूनी शेखपुरा रोड पर झुग्गी झोपड़ियों व सड़क किनारे रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। क्लब के प्रधान रोटेरियन दिनेश भार्गव ने बताया कि शीत ऋतु में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से क्लब की ओर से सुकून की नींद मुहिम शुरू की गई है। इस अभियान के अंतर्गत दिसंबर व जनवरी माह में सड़क किनारे व झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे। इसी क्रम में नूनी शेखपुरा रोड पर रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को कंबल प्रदान किए गए।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 14 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 14 दिसंबर को होगी। यह जानकारी देते हुए संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरी अग्रवाल ने बताया कि मासिक बैठक 14 दिसम्बर सुबह 11 बजे किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओ के साथ शहर की ज्वलंत समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।


नारनौल। सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### अब आन पड़े तेरे चरणों में उद्धार करो हे बालाजी भजन पर झूमे श्रद्धालु

**नारनौल।** धार्मिक संस्था श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला दशमेश नगर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंडित अजय शर्मा व जितेंद्र शर्मा ने यजमान शिवचरण मित्तल व नितेश मित्तल से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्वलित करवाई। इसके बाद हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें पंडित महेश शर्मा, दीपक शर्मा, पंडित अजय शर्मा व दिनेश बारी आदि ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। जिसमें गौरव म्यूजिकल ग्रुप के मास्टर सुनील ने अपने संगीत की मधुर धुन से चार चांद लगा दिए। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें गायक अजय शर्मा ने अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवारा रे व महेश शर्मा ने मैंने सुंदर दरबार सजाया प्रभु राम भक्त को आना है।

# नई ट्रांसफर नीति : दावे व आपत्तियों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर कमेटियां गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ जिला स्तर से लेकर निदेशालय स्तर तक बनेगी कमेटियां

विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा ने टीचर ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के सुचारु संचालन और दावे–आपत्तियों के त्वरित निपटारे के लिए जिला एवं निदेशालय स्तर पर समितियों के गठन संबंधी आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कमेटियों के गठन के आदेश दिए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा के कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार ट्रांसफर पॉलिसी के प्रावधान के तहत किसी भी शिक्षक द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों अथवा दावों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर से लेकर निदेशालय स्तर तक कमेटियां बनाई जा रही है।

### जिला स्तर पर समिति यह करेगी

प्रत्येक जिले में डीईओ अथवा डीईईओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। यह समिति सात दिनों के भीतर दावों, आपत्तियों पर निर्णय लेकर उनका प्रकाशन करेगी। यदि कोई शिक्षक जिला स्तरीय निर्णय से असंतुष्ट है तो वह तीन दिनों के भीतर अपील कर सकेगा, जिसका निपटारा राज्य स्तरीय समिति द्वारा अगले तीन दिनों में किया जाएगा। प्राप्त आदेश के अनुसार जिला स्तर पर दो समितियां गठित की जाएंगी। पहली कमेटी सेकेंडरी शिक्षा के लिए होगी, जिसके अध्यक्षः संबंधित डीईओ होंगे। अन्य सदस्यों में डिप्टी डीईओ व संबंधित बीईओ शामिल किए जाएंगे। डिप्टी डीईओ पद रिक्त होने पर एक अतिरिक्त बीईओ को कमेटी मे लिया जाएगा। इसी क्रम में एलीमेंट्री शिक्षा के लिए भी जिला स्तर पर कमेटी बनाई जा रही है। इसके अध्यक्ष संबंधित डीईईओ रहेंगे और सदस्य के रूप में डिप्टी डीईओ व संबंधित बीईओ रहेंगे। डिप्टी डीईओ पद रिक्त होने पर एक अतिरिक्त बीईओ को शामिल किया जाएगा।

### निदेशालय स्तर पर गठित समितियां

ट्रांसफर ड्राइव में प्राप्त होने वाली जटिल या अपील संबंधी शिकायतों के निपटारे हेतु विभिन्न श्रेणियों-प्राचार्य, हैडमास्टर, पीजीटी, टीजीटी, मौलिक मुख्य अध्यापक, प्राथमिक अध्यापक और सीएंडवी के लिए अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। प्रिन्सिपल और हैड मास्टर कैटेगरी के लिए अध्यक्ष गौरव कुमार एचसीएस रहेंगे तथा सदस्य सहायक निदेशक, सुपरिटेंडेंट एवं अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे। पीजीटी कैटेगरी के लिए हरप्रीत कौर एचसीएस की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है जिसमें सदस्य के रूप में उपनिदेशक, उप-सुपरिटेंडेंट आदि शामिल होंगे। इसी प्रकार टीजीटी, मौलिक मुख्य अध्यापक तथा प्राथमिक अध्यापक कैटेगरी के लिए क्रमशः अमृता सिंह (आईएएस) एवं कमलप्रीत कौर (एचसीएस) को अध्यक्ष बनाया गया है। विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी इस आदेश को संज्ञान में लेते हुए आगामी ट्रांसफर ड्राइव के दौरान दावे–आपत्तियों का निपटारा निर्धारित प्रक्रिया व समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

# सीपीडीआरएस ने चुनाव आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन, एसआईआर वापस लेने की उठाई मांग

## एसआईआर से सम्बंधित सभी आंकड़ों को प्रकाशित करने की मांग को एकजुट आंदोलनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अंतर राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को सीपीडीआरएस की ओर से लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त हरियाणा के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

इससे पूर्व प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए ओमप्रकाश, दलीप सिंह व लालसिंह एडवोकेट ने कहा कि आज का दिन स्वतंत्रता, समानता और न्याय, जो हमारे स्वतंत्रता सग्राम की अग्नि में तप कर हासिल किए हैं, उनपूर्वजों के बलिदान को सम्मान से याद करते हुए मानवाधिकार व लोकतांत्रिक मूल्यों की ध्वजा को लेकर सभी के लिए न्याय, गरिमा व स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के संकल्प लेने का दिन है। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में सम्प्रभूता, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य की अवधारणा को शामिल किया गया है।

धर्मनिरपेक्षता हमारे संविधान की मूल निरपेक्षता है, सरकारें लगातार धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा को कमजोर करती आ रही है। जिससे भारत की बहुलतावादी संस्कृति खतरे में है।






नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते संगठनों के सदस्य तथा बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### मुख्य चुनाव आयुक्त हरियाणा से यह मांग

हरियाणा में एसआईआर के कार्यक्रम को तुरंत वापस लिया जाए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम व स्थापित दिशानिर्देशों को सख्ती से पालन करते हुए एक पारदर्शी, नागरिक अनुकूल वार्षिक संशोधन किया जाए, पीछे हुई एसआईआर से सम्बंधित सभी आंकड़ों, राष्ट्रीयता के आधार पर हटाए जाने सहित को प्रकाशित किया जाए, ज्ञापन में संवैधानिक सिद्धान्तों, वैज्ञानिक प्रावधानों व जमीनी हकीकत पर आधारित चिंताओं को निम्नांकित अनुसार रेखांकित किया आदि मांग शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार देश में जनजीवन की असली समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए लोगों को एसआईआर के जाल में उलझा रही है। वोट से वंचित कर नागरिक के रूप में उनके मौलिक अधिकार छीने जा रहें हैं। मतदाता सूची से नाम हटाने का मतलब सिर्फ मतदान का अधिकार छिनना ही नहीं, बल्कि इसका मतलब नागरिकता से वंचित करना भी है।

छाजूराम रावत ने कहा कि जीविका का मौलिक अधिकार खतरे में है, आदिवासी समुदाय की उपजाऊ कृषि कॉरपोरेट घरानों द्वारा छीने जाने से आजीविका व खाद्य सुरक्षा दोनों खतरे में है। ओडिशा के गांव में आदिवासियों की उपजाऊ जमीन उनकी मर्जी के बैगर जबरन सरकार जिंदल व पोस्को जैसी बड़ी कम्पनी को दे रहे हैं। जिसका विरोध किसान संगठन एआईकेकेएमएस कर रहा हैं। इस मौके पर ओमप्रकाश, दलीप सिंह, लालसिंह एडवोकेट, छाजूराम रावत, अभय सिंह चन्दपुरा, डॉ. व्रतपाल सिंह, सतीश कुमार, भीमसेन, ईश्वर सिंह, तेजपाल सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### आशीष गोरा बने सर्विस एक्ट कर्मचारी संघ के प्रदेश सह संयोजक

■ भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**नारनौल।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक बिजली घर प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें जानकारी देते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष आशीष गोरा ने बताया कि अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ का पांचवां प्रदेश अधिवेशन कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में संपन्न हुआ। इसे अधिवेशन में संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रांत मंत्री बीएमएस देवीलाल गुराणा, प्रांत उपाध्यक्ष नरेश बालू, प्रदेश महामंत्री हवासिंह, प्रभारी एवं भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील ढिल्लो विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अधिवेशन के दौरान मंच से सर्विस एक्ट कर्मचारी संघ नामक नये संगठन का औपचारिक ऐलान किया गया। भारतीय मजदूर संघ ने इस नये संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूती से खड़ा करने हेतु सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से नवाजा है। संगठन का लक्ष्य प्रदेश के एक लाख 20 हजार कर्मचारियों को एकजुट कर उनके हितों की रक्षा करना है। यह संगठन प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारियों के हित एवं अधिकारों के लिए कार्य करेगा। प्रदेश संयोजकों का चयन भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित सभी संगठनों की ओर से सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें मुख्य संयोजक नरेश बालू, सह संयोजक आशीष गोरा, विकास बैनीवाल, आशीष धीमान, विकास ढिल्लो, भूपेश पालीवाल, मनीष नरवाना, ओमप्रकाश शास्त्री, सुरेंद्र जांगड़ा को नियुक्त किया गया। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### केंद्र सरकार पर अधिकारों के हनन का आरोप

**नांगल चौधरी।** पंचायत समिति प्रांगण में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक प्रधान छोटेलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें केंद्र सरकार पर रिटायर्ड कर्मियों के हितों की अनदेखी के आरोप लगाए। बैठक में प्रदेश सचिव धर्मपाल शर्मा व प्रभारी उप प्रधान जगनलाल निनानिया मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं। मंच का संचालन सचिव दुलीचंद गोठवाल ने की है। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 1948 को मानवाधिकार दिवस निर्धारित किया गया था। जिसमें मनुष्य के मूल अधिकारों, जीवन समता, समानता, शिक्षा, अभिव्यक्ति, गरिमा, स्वतंत्रता के अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पेंशन सुविधा हांसिल करना सेवानिवृत्त कर्मियों का मौलिक अधिकार है। पेंशनर्स के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव पैदा नहीं किया जा सकता है। लेकिन केंद्र सरकार की नीतियों में कर्मचारियों को पेंशन विसंगतियों का सामना करना पड़ रहा है। जगनलाल निनानिया ने कहा कि कैशलेस इलाज, मैडिकल भत्ता 3000 हजार तथा कम्युटेशन की वसूली 11 साल तक करने तथा 65-75 साल की आयू होने पर मूल पेंशन में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की गुहार लगाई है। बैठक में मुरारीलाल, रामनिवास, रामअवतार, बनवारीलाल, शिवराम दहिया, हरिसिंह उपप्रधान, राजेंद्र कुमार यादव, लालाराम शर्मा ,रामौतार यादव, श्रीचंद, छाजुराम गोठवाल, रामअवतार आदि रहे।


नारनौल। यजमान को स्मृति चिहन भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पकड़ लो हाथ बालाजी नहीं तो हम डूब जाएंगे...

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को महेंद्रगढ़ रोड स्थित शिव कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ किया गया। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने यजमान मुकेश जी शर्मा व परिवार से बाबा की ज्योत प्रज्वलित करवाई। गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का गायन शुरू किया गया। मंडल सदस्य राजेश सोनी ने बाबा का भव्य दरबार फूलों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर गौरीशंकर शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, राजेश सोनी, संजय अग्रवाल, चिंटू गुप्ता, मनीष शर्मा, पंडित रामानंद शर्मा, नवीन जैन, विजय हल्दिया, राकेश गुप्ता, संजय शर्मा, नवीन बंसल आदि ने दौहे व चौपाइयों का गायन किया। मंडल के सदस्य सोनू ने मुकेश शर्मा व हेमंत शर्मा को बाबा की प्रतिमा भेंट की। इसके बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें मास्टर राजू ढोलक ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में, महावीर प्रसाद अग्रवाल पकड़ लो हाथ बालाजी नहीं तो हम डूब जाएंगे सुंदर भजन से सभी का दिल जीत लिया।

# रक्तदान शिविर में 26 यूनिट रक्त एकत्र

■ जिला रेडक्रॉस कार्यालय में आयोजित शिविर में प्रमुख समाजसेवी राजकुमार यादव मुख्य अतिथि थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

किशनलाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रोटेरियन पवन यादव ने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिला रेडक्रॉस कार्यालय में आयोजित शिविर में प्रमुख समाजसेवी राजकुमार यादव मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने की। विशिष्ट अतिथि डीएमसी रणवीर सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज अनिल यादव, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे। शिविर में 26 नौजवानों ने रक्तदान कर अपना कीमती योगदान दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान के प्रति आम जनता में भ्रांतियां कम हुई है और लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आने लगे हैं। एडवोकेट राजकुमार यादव ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और हम अपनी धमनियों में बह रहे रक्त से दूसरों का जीवन बचाने का काम करते हैं। डीएमसी रणवीर सिंह ने कहा कि व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए, एक स्वस्थ मनुष्य हर तीन माह बाद अपना रक्त किसी अन्य के लिए दान कर सकता है। अतिथिगणों ने बैज लगाकर, मेडल व प्रमाण पत्र भेंट कर रक्तदाताओं को सम्मानित किया।


नारनौल। शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, सेवानिवृत्त बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, संजय सैनी, संजय शर्मा, दिनेश शर्मा, नरोत्तम सोनी, नवीन गुप्ता, विनय मित्तल, राकेश कुमार, अजय शर्मा, टींकू दहिया प्रधान, सुधीर यादव, मुकेश देवी आदि उपस्थित रहे।

# दीवाक्षी ने जीता बेस्ट डांस आइकॉन अवार्ड

■ आरपीएस की दीवाक्षी का खेलों भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज, मिलेगी 30 हजार की स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल की नौवीं कक्षा की प्रतिभाशाली छात्रा दीवाक्षी ने नृत्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें प्रतिष्ठित खेलों भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से बेस्ट डांस आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ ही, उन्हें विभाग की ओर से 30 हजार की स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी, जो उनकी कला को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। दीवाक्षी की इस शानदार सफलता पर आरपीएस ग्रुप और पूरे आरपीएस स्कूल में खुशी का माहौल है। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने छात्रा व उनके परिवार को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। दीवाक्षी के माता-पिता, दीपक कुमार और ज्योति ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा की धनी रही है, खासकर शास्त्रीय नृत्य के प्रति उसकी विशेष रूचि रही है। अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के दम पर ही उसने यह महत्वपूर्ण अवार्ड जीता है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि वह शुरू से ही एक होनहार छात्रा रही है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उसकी विशेष रूचि रही है। उसने अपनी प्रतिभा को पहली कक्षा से ही इस विधा में लगातार निखारा है। दीवाक्षी की यह उपलब्धि सिर्फ एक अवार्ड तक ही सीमित नहीं है। इससे पहले, उन्हें बॉलीवुड की आगामी फिल्म 'कला एक संघर्ष' में क्लासिकल डांस परफॉर्मेंस के लिए भी चुना गया है। यह फिल्म नृत्य और कलाकारों के संघर्ष पर आधारित है तथा दीवाक्षी का चयन उनकी बेहतरीन नृत्य कला के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



महेंद्रगढ़। छात्रा दीवाक्षी को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रेरित किया

सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल हमेशा से ही छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कला और खेल जैसी सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने दीवाक्षी को भविष्य में और भी ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि दीवाक्षी ने सिर्फ स्कूल का ही नहीं, बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आरपीएस ग्रुप छात्रों की प्रतिभा को पहचानता है और उन्हें हर संभव मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समस्त स्टाफ सदस्यों ने दीवाक्षी को बधाई दी और उम्मीद जताई है कि वह भविष्य में भी इसी तरह से अपनी कला का प्रदर्शन करती रहेगी।

**अनदेखी** पेड़ काटने पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जताई चिंता

# वन माफियाओं के बाद अब चरवाहों के निशाने पर आए हरे-भरे पेड़

वन विभाग के अधिकारियों ने मूंदी आंख, पेड़ कटाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

■ प्रति दिन हो रही पेड़ों की कटाई, विभाग मूंदे बैठा आंखे


दीपक वशिष्ठ।

वन माफियाओं के बाद हरे पेड़ अब क्षेत्र में भेड़ बकरी चराने वाले गड़रियों के निशाने पर हैं, जो आए दिन हरे पेड़ों को ठूंठ बनाने में जुटे हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं सनातन धर्म उत्थान समिति व जनशक्ति विकास संगठन के पदाधिकारियों ने अंधाधुंध पेड़ कटाई पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी ओर से समय समय पर पौधारोपण कर आमजन को पौधारोपण का संदेश दिया जाता है। उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों के पीछे वन माफिया के बाद गडरिए पड़े हुए हैं। जिनके द्वारा प्रतिदिन पेड़ों की कटाई की जा रही है।

उन्होंने पेड़ों को बचाने वाले सरकारी वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों पर जानबूझकर आंख मूंदने का आरोप लगाया है। वन विभाग की निष्क्रियता के चलते गांव रसूलपुर, रामबास, पड़तल, भोजावास, गुढ़ा, धनौंदा, खेड़ी, तलवाना, गोमला, बागोत, सुंदरह में हरे पेड़ों की शामत आई हुई है। वन माफिया के बाद अब गडरिए पेड़ों को ठूंठ बनाने में जुटे हुए हैं। सामाजिक संगठन जनशक्ति विकास संगठन के अध्यक्ष दीपक वशिष्ठ ने बताया कि उनकी ओर से बीते समय क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शहर में हजारों पेड़ लगाए गए थे। उन्होंने पेड़ लगाने की मुहिम को अभियान का स्वरूप प्रदान किया था। फिलहाल उनकी ओर से जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सामाजिक संगठन की ओर से फ्री में फूलदार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए उनका संगठन सदैव सकारात्मक कदम उठाने के लिए तत्पर है। संस्था की ओर से करीब 25 प्रजाति के फूलदार पौधों को तैयार कर रही है। जिसमें कासमास, स्वीट विलियम, गजानिया, आइस, पिटूनिया, फ्लेक्स, केन्डुला, गेंदा, जीआरटू, जगराता, पोपी, कैंडीटफ्ट आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मनमोहक फूलों पर काफी कीट पतंगे आते हैं, जो इन फूलों के द्वारा अपना भोजन प्राप्त करते हैं जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहता है। कोई भी नागरिक, सरकारी व गैर सरकारी संस्था उनकी नर्सरी से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर सकती है।

### पेड़ कटाई से बढ़ा प्रदूषण

सनातन धर्म उत्थान समिति के प्रदेश संयोजक रामरतन शर्मा ने कहा कि पेड़ कटाई कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों की वजह से क्षेत्र में एक्यूआई का स्तर बढ़ा हुआ है। सरकार की ओर से ग्रेप 3 की व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कटाई करने पर उन्हें बड़ी पीड़ा होती है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पेड़ कटाई करने वाले व ठूंठ बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


रामरतन शर्मा।

# दैनिक रेलयात्री महासंघ ने रेलवे अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ वंदे भारत के साथ पैसेंजर ट्रेन का समय भी बदलने की मांग

दैनिक रेलयात्री महासंघ ने मांग को लेकर रेलमंत्री व रेलवे के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक निरंजन कुमार को सौंपा। ज्ञापन में अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि लगभग हर रोज अत्यधिक विलंब से चल रही गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्ली–हिसार पैसेंजर के स्थान पर गाड़ी संख्या 54413/54414 (दिल्ली–रेवाड़ी पैसेंजर) का विस्तार रेवाड़ी से सादुलपुर के रास्ते हिसार तक विस्तार किए जाने की मांग को लेकर रेलमंत्री व रेलवे के उच्च अधिकारियों के नाम स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्ली–हिसार पैसेंजर वर्तमान में अत्यधिक विलंब से चल रही है तथा अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगभग दोगुना समय ले रही है। इसके कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के प्रस्ताव के साथ इस पैसेंजर ट्रेन का समय भी बदलने की मांग की गई है। वंदे भारत रेलगाड़ी के संचालन के बाद महेंद्रगढ़-लुहारू-रेवाड़ी की सभी रेलगाड़ियां अस्त व्यस्त चल रही है।


महेंद्रगढ़। अपनी मांग को लेकर स्टेशन अधीक्षक निरंजन कुमार को ज्ञापन सौंपते।

